हरिभूमि

शौर्य भूमि

मंडला| अंजिनया | भुआबिछिया | बम्हनीबंजर | नैनपुर | निवास | बीजाडांडी

5

जबलपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

खबर संक्षेप

नैनपुर में भूमिहीन परिवारों को मिलेंगे 223 भूखंड

मण्डला। नैनपुर नगरीय क्षेत्र में लंबे समय से भूखंड की प्रतीक्षा कर रहे भूमिहीन पात्र परिवारों के लिए राहत की खबर है। कलेक्टर मंडला श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशों के परिपालन में नगर पालिका नैनपुर द्वारा भूमिहीन व्यक्तियों को भूखंड उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कार्यवाही पूर्ण की गई है। मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के अंतर्गत 11 सितंबर 2026 को आयोजित शिविर में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद एसडीएम श्री आशुतोष ठाकुर के मार्गदर्शन में नगर पालिका नैनपुर ने न्यायालय कलेक्टर मंडला द्वारा नगर पालिका को आवंटित भूमि खसरा क्रमांक 43, इटका नैनपुर, रकबा 4.014 हेक्टेयर पर पात्र हितग्राहियों को भूखंड उपलब्ध कराने के लिए कार्ययोजना एवं लेआउट प्लान तैयार किया है। तैयार लेआउट प्लान में लगभग 450 वर्गफुट से 700 वर्गफुट क्षेत्रफल के 223 भूखंड प्रस्तावित किए गए हैं। इन भूखंडों पर सड़क, नाली, पाइपलाइन, विद्युत सहित आवश्यक मूलभूत सुविधाओं को समाहित किया गया है, जिससे पात्र परिवारों को व्यवस्थित रूप से आवासीय सुविधा उपलब्ध हो सके। नगर पालिका नैनपुर द्वारा नियमानुसार पात्र हितग्राहियों का परीक्षण एवं आवश्यक कार्यवाही पूर्ण कर शीघ्र ही भूमि आवंटन की प्रक्रिया की जाएगी। साथ ही पात्रता के अनुसार आवास स्वीकृति की कार्यवाही भी की जाएगी। इस पहल से लंबे समय से भूखंड एवं आवास की प्रतीक्षा कर रहे भूमिहीन परिवारों की समस्या के निराकरण का मार्ग प्रशस्त हुआ है। कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे के निर्देशों के त्वरित एवं प्रभावी क्रियान्वयन से पात्र परिवारों को स्थायी आवास की दिशा में महत्वपूर्ण राहत मिलेगी।

दोगुना पैसा वापिस करने का लालच देने वाले अब हिरासत में

डबल मनी प्रकरण में 6 आरोपी गिरफ्तार

*** लगभग 2 करोड़ रूपये की धोखाधड़ी की मिली थी शिकायतें।**



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

पुलिस अधीक्षक मंडला राजेश रघुवंशी के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिव कुमार वर्मा के मार्गदर्शन तथा एसडीओपी मंडला पीयूष मिश्रा के नेतृत्व में थाना कोतवाली मंडला पुलिस ने जिले के बहुचर्चित डबल मनी प्रकरण में कार्रवाई करते हुए छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा शहर के लोगों को उनकी जमा पूंजी निवेश करने पर कम समय में राशि दोगुनी करके वापस करने का लालच देकर गुमराह किए जाने संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई थीं।

पुलिस की कार्रवाई

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मंडला श्री राजेश रघुवंशी के निर्देशन में विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। गठित टीमों द्वारा आरोपियों की तलाश एवं पतासाजी के लिए नागपुर, गोंदिया, मुंबई एवं बालाघाट सहित विभिन्न स्थानों पर जाकर जानकारी एकत्र की गई तथा प्राप्त जानकारी के आधार पर संभावित ठिकानों पर दबिश दी गई। पुलिस टीमों द्वारा समन्वित एवं सुनियोजित कार्रवाई करते हुए गोंदिया, बालाघाट एवं मंडला से कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

धोखाधड़ी संबंधी लगभग 1.75 करोड़ रुपये की शिकायतें

प्रकरण की जांच के दौरान अब तक लगभग 1.75 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी संबंधी शिकायतें प्राप्त हुई हैं। पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ कर निवेशकों से प्राप्त राशि, संपत्तियों तथा आपसी लेन-देन से संबंधित तथ्यों की जानकारी एकत्र की जा रही है।

गिरफ्तार आरोपियों का विवरण

राजिक कुरैशी, पिता मोहम्मद सफी कुरैशी, उम्र 31 वर्ष, वैहर रोड, मक्का मस्जिद के पास, थाना कोतवाली, बालाघाट। मोहसिन उर्फ समीम खान, पिता रफीक खान, उम्र 32 वर्ष, निवासी इलाही चौक, स्वामी सीताराम वार्ड, मंडला। अब्दुल समीर शेख, पिता अब्दुल नसीर शेख, उम्र 30 वर्ष, निवासी मास्टर कॉलोनी, थाना सिटी कोतवाली, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र)। रासिद खान, पिता रसीद खान, उम्र 36 वर्ष, निवासी मोंट फोर्ड स्कूल के सामने, राजीव कॉलोनी, देवदरा, थाना कोतवाली, मंडला। साजिद खान, पिता रसीद खान, उम्र 40 वर्ष, निवासी मोंट फोर्ड स्कूल के सामने, राजीव कॉलोनी, देवदरा, थाना कोतवाली, मंडला। इमरान शेख, पिता नसीर शेख, उम्र 26 वर्ष, निवासी मास्टर कॉलोनी,थाना सिटी कोतवाली, जिला गोंदिया (महाराष्ट्र)।

आरोपियों से जप्त मशरूका

नकद राशिः 32 लाख रुपये। दो पहिया वाहनः तीन स्कूटी, अनुमानित कीमत 3.50 लाख रुपये। चार पहिया वाहनः एक मारुति ब्रेजा कार, अनुमानित कीमत 10 लाख रुपये। चारपहिया वाहनः एक हुंडई अल्काज़ार कार, अनुमानित कीमत 20 लाख रुपये। मोबाइल फोनः एक, अनुमानित कीमत 50 हजार रुपये। कुल जप्त मशरूका का अनुमानित मूल्य 66.50 लाख रुपए है।

जांच में यह भी सामने आया कि हुंडई अल्काज़ार कार पहले गिरवी रखी हुई थी, जिसे आरोपियों द्वारा कथित रूप से धोखाधड़ी से प्राप्त राशि में से 11 लाख रुपये नकद देकर छुड़ाया गया था। पुलिस के अनुसार, धोखाधड़ी से प्राप्त राशि का उपयोग कार, स्कूटी तथा मोबाइल फोन खरीदने में भी किया गया।

मुख्य आरोपी का पूर्व आपराधिक प्रकरण

प्रकरण के मुख्य आरोपी राजिक कुरैशी के संबंध में जानकारी सामने आई है कि उसके विरुद्ध महाराष्ट्र के नागपुर जिले के नंदनवन थाने में भी धोखाधड़ी का अपराध पंजीबद्ध है। उक्त प्रकरण में आरोपी जमानत पर चल रहा है।

निवेशकों की राशि के संबंध में जांच जारी

मंडला पुलिस द्वारा गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर निवेशकों की पहचान, उनसे प्राप्त राशि, संपत्तियों तथा वित्तीय लेन-देन से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक शफीक खान, निरीक्षक संजीव उइके, ओ.पी. रावत, आनंद बागवान, सहायक उपनिरीक्षक भूमेश्वर बामनकर, माया राम धुर्वे, प्रधान आरक्षक रविंद्र परते, प्रीतम उइके तथा आरक्षक मृदुल, रमेश, प्रियांश, यमुना प्रसाद, जगदीश आदर्श एवं सुरेश भटेरे की सराहनीय भूमिका रही।

मंडला पुलिस की आमजन से अपील

मंडला पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि कम समय में धनराशि दोगुनी करने अथवा असामान्य रूप से अधिक लाभ देने के प्रलोभन में अपनी जमा पूंजी निवेश न करें। किसी भी योजना में पैसा लगाने से पहले उसकी सत्यता एवं वैधानिकता की जांच करें। संदिग्ध निवेश योजना या धोखाधड़ी की जानकारी मिलने पर तत्काल पुलिस को सूचित करें।



इस्कॉन सेंटर पहुंचे श्रीपाद सर्वद्रिक दास जी भक्तों ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

इस्कॉन सेंटर मंडला में श्रीपाद सर्वद्रिक जी का आगमन हुआ। श्रीराधा अष्टमी के अवसर पर आयोजित हरिनाम संकीर्तन अभिषेक एवं महाप्रसादम कार्यक्रम में पहुंचे प्रभु जी का भक्तों ने स्वागत किया। आप आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए वहीं वरिष्ठ समाजसेवी गणेश जसवानी के आवास पहुंचे जहां पर भक्तो ने पुष्पमाला से स्वागत किया इस दौरान प्रभु जी ने भक्तो से कहा कि भक्ती के बिना भगवान को पाना संभव नही है उन्होंने कृष्ण और सुदामा के अनेक उदाहरण देते हुए भक्तो से कहा कि जब भी जैसे भी समय मिले वे भगवान का स्मरण जरूर करें। उनका उद्बोधन अंग्रेजी रहा जिसका उच्चारण हिन्दी में उपस्थित भक्त द्वारा किया गया। इस दौरान भाजपा नेता रोचीराम गुरवानी, समाजसेवी सुधीर कांसकार, नीरज अग्रवाल, उमाशंकर गुड्डा सिंधिया, अशोक जसवानी पार्षद ब्रजेश जसवानी ने भी पुष्पमाला से प्रभु जी का स्वागत किया। इस्कॉन सेंटर मंडला से जुड़े अंकित नामदेव ने बताया कि श्रीपाद सर्वद्रिक दास जी को जुलाई 1973 में अमेरिका के पोर्टलैंड ओरेगन में इस्कॉन से जुडने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इसी वर्ष उन्होंने श्रील प्रभुपाद से दीक्षा ग्रहण की। उस समय उनके मंदिर अध्यक्ष दीनबंधु प्रभु थे जिन्होंने उन्हें श्रील प्रभुपाद के चरणकमलों की शरण में आने के लिए महत्वपूर्ण रूप से प्रेरित किया। इसके बाद उन्होंने उत्तर अमेरिका के विभिन्न इस्कॉन समुदायों में अनेक महत्वपूर्ण सेवाएं निभाईं। उन्होंने उपाध्यक्ष, मुख्य पुजारी, मुख्य रसोइया, नवदीक्षित भक्तों के मार्गदर्शक और सामूहिक प्रचारक के रूप में अपनी सेवाएं दीं। वर्ष 2009 में वे अपनी पत्नी श्रीमती सुदेवी देवी दासी के साथ उत्तरी कैरोलिना स्थित प्रभुपाद ग्राम में रहने चले गए। यहां उन्होंने उत्तरी कैरोलिना और वर्जीनिया के विभिन्न क्षेत्रों में भक्ति-वृक्ष कार्यक्रम तथा जेलों में आध्यात्मिक प्रचार की सेवा में सक्रिय योगदान दिया। नवंबर 2018 में उन्होंने उत्तरी कैरोलिना स्थित अपने फार्म की संपत्ति बेचकर स्थायी रूप से भारत के श्रीधाम मायापुर को अपना निवास बना लिया। वर्तमान में भी वे उत्तर प्रदेश पंजाब हरियाणा सहित आसपास के विभिन्न प्रचार क्षेत्रों में स्थित इस्कॉन मंदिरों की यात्रा कर प्रचार-सेवा में योगदान दे रहे हैं। सर्वदृक दास जी विशेष रूप से उन युवा भक्तों से प्रेरित होते हैं जो श्रील प्रभुपाद द्वारा स्थापित इस्कॉन में सेवा के लिए आगे आ रहे हैं। उनका मानना है कि इन युवा भक्तों को प्रोत्साहित करना और उन्हें श्री चैतन्य महाप्रभु के मिशन की सेवा में आगे बढने के लिए प्रेरित करना एक सौभाग्य है। वे श्रील प्रभुपाद की शिक्षाओं के माध्यम से समझे गए इस आध्यात्मिक मिशन को आगे बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं।

गांधी जयंती पर माहिष्मती घाट पर लगाई झाड़ू, वृद्धाश्रम में बांटे वस्त्र, कम्बल और फल



मण्डला। राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान-सेवा मेरा योगदान के तहत शुक्रवार को प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उईके ने माँ नर्मदा के पावन माहिष्मती घाट पहुँचकर स्वच्छता ही सेवा अभियान में सहभागिता की। उन्होंने स्वयं झाड़ू उठाकर घाट परिसर की सफाई की और उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों व नागरिकों को स्वच्छता का संदेश दिया। इस अवसर पर मंत्री श्रीमती उईके ने कहा कि पूज्य बापू ने हमें 'स्वच्छता ही सेवा' का अमर मंत्र दिया है। उनका मानना था कि स्वच्छता केवल शारीरिक नहीं बल्कि मानसिक शुद्धता का भी प्रतीक है और स्वस्थ समाज का निर्माण तभी संभव है जब हम स्वच्छता को सेवा मानकर आत्मसात करें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश सरकार मुख्यमंत्री के नेतृत्व में माँ नर्मदा के घाटों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मंडला जिले के परिप्रेक्ष्य में उन्होंने जानकारी दी कि पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए रेवा पथ से लेकर हनुमान घाट तक बोटिंग सुविधा शुरू करने पर विचार किया जा रहा है। इसके साथ ही शहर की यातायात व्यवस्था सुधारने के लिए नर्मदा जी की खाई पर मल्टी लेवल पार्किंग का निर्माण प्रगति पर है।

बम्हनीबंजर में श्रद्धा और सेवा भाव से मनाई गई गांधी जयंती



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/बम्हनीबंजर

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर परिषद बम्हनी बंजर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर परिषद प्रांगण में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता कर्मचारियों के सम्मान से हुई। इसके बाद महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की गई तथा उपस्थित लोगों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। गांधी जयंती के अवसर पर नगर परिषद कार्यालय से गांधी चौक तक स्वच्छता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संदेश दिया गया। इसके साथ ही डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी पार्क वार्ड क्रमांक 15 में श्रमदान एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान 50 पौधों का रोपण किया गया। उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम में नगर परिषद सीएमओ मीना पटेल, नगर परिषद अध्यक्ष मीना हरदहा, उपाध्यक्ष बद्री प्रसाद नंदा सहित नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी एवं समस्त जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। गांधी जयंती के कार्यक्रम में स्वच्छता, श्रमदान और वृक्षारोपण के माध्यम से महात्मा गांधी के स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के संदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास किया गया।

उच्च शिक्षा का सपना साकार कर रही आवास सहायता योजना

मण्डला। मध्यप्रदेश सरकार की 'आवास सहायता योजना' दूर-दराज के ग्रामीण अंचलों की छात्राओं के लिए उच्च शिक्षा हासिल करने की राह में एक बड़ा संबल बनकर उभर रही है। मंडला जिले के ग्रामीण क्षेत्र की रहने वाली जनजातीय वर्ग की छात्रा वर्षा कुलस्ते की उच्च शिक्षा में जब आर्थिक चुनौतियाँ बाधा बन रही थीं, तब इस योजना ने उनका मार्ग सुगम कर दिया। वर्षा कुलस्ते वर्तमान में पीएम कॉलेज रानी दुर्गावती पीजी कॉलेज, मंडला से भूगोल विषय में एम.ए. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्रा हैं। ग्रामीण पृष्ठभूमि से होने के कारण उन्हें पढ़ाई जारी रखने के लिए मंडला शहर में ही रहना आवश्यक था। कॉलेज हॉस्टल (छात्रावास) में सीट उपलब्ध न होने के कारण उन्हें शहर में किराए का कमरा लेकर रहना पड़ रहा था। कमरे का किराया, राशन और दैनिक जीवन के अन्य खर्च उनके परिवार के लिए एक बड़ा आर्थिक बोझ साबित हो रहे थे, जिससे उनकी पढ़ाई प्रभावित हो रही थी। ऐसी परिस्थिति में वर्षा को अनुसूचित जनजाति वर्ग के लिए संचालित श्आवास सहायता योजनाश् की जानकारी मिली और उन्होंने इसके तहत आवेदन किया। योजना के अंतर्गत सहायता राशि सीधे उनके बैंक खाते में मकान किराए के भत्ते के रूप में प्राप्त होने लगी।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी एवं श्रद्धेय लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर दी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला/भुआबिछिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछिया द्वारा आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों ने मुख्य बाजार स्थल गांधी चौक जाकर माहत्मा गांधी जी की मूर्ति पर एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया एवं श्रद्धांजलि अर्पित की।

अंत्योदय का संदेश पूज्य महात्मा गांधी ने दिया

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि पूज्य बापू ने सत्य, अहिंसा और सत्याग्रह के मार्ग पर चलकर देश को आजादी दिलाई और समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान (अंत्योदय) का संदेश दिया।उनके जन्मदिवस (2 अक्टूबर) को संयुक्त राष्ट्र द्वारा 'अंतरराष्ट्रीय अहिंसा दिवस' के रूप में मनाया जाता है। मार्टिन लूथर किंग जूनियर, नेल्सन मंडेला और दलाई लामा जैसे वैश्विक नेताओं ने उनके अहिंसक दर्शन से प्रेरणा ली। वहीं, शास्त्री जी ने अपनी सादगी, ईमानदारी और अदम्य साहस से देश का मान बढ़ाया। रवींद्रनाथ टैगोर ने उन्हें सबसे पहले 'महात्मा' की उपाधि दी, जबकि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने 1944 में सिंगापुर से आजाद हिंद रेडियो पर उन्हें 'राष्ट्रपिता' कहकर संबोधित किया।

भारत में श्वेत क्रांति एवं हरित क्रांति के जनक थे पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री जी

महात्मा गांधी के आह्वान पर असहयोग आंदोलन, दांडी मार्च और 1942 के भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भाग लिया।उनका दिया अमर नारा 'जय जवान, जय किसान' आज भी देश की सुरक्षा और अन्नदाताओं के सम्मान की प्रेरणा है। श्वेत क्रांति और हरित क्रांति की नींवः उन्होंने अमूल (आनंद, गुजरात) के मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ावा देने के लिए 1965 में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) की स्थापना की। साथ ही देश में खाद्य सुरक्षा के लिए भारतीय खाद्य निगम (FCI) का गठन किया।

उपस्थित पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने दोनों युगपुरुषों के बताए मार्ग और आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता जोश सिंह ठाकुर स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य वरिष्ठ कांग्रेस नेता शिवानंद गोस्वामी स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के सदस्य दादू लाल जंघेला विधायक प्रतिनिधि टेकराम राय झुन्ना ठाकुर रमेश नंदा मुकेश गोस्वामी अमन राजपूत अक्षत झारिया कलीराम मार्को बिशन सोनी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

निर्देश | **छात्रावास अधीक्षक कहीं के और वेतन निकल रहा कहीं और से।**

7 साल से जमे छात्रावास अधीक्षकों पर गिरेगी गाज

*** 5 से 7 अक्टूबर तक अनिवार्य ऑनलाइन आवेदन।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ मण्डला

जनजातीय कार्य विभाग एवं अनुसूचित जाति कल्याण विभाग ने छात्रावास, आश्रम शालाओं एवं आवासीय विद्यालयों में लंबे समय से पदस्थ अधीक्षकों को बदलने के लिए सख्त निर्देश जारी किए हैं। आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल द्वारा 30 सितंबर 2026 को जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि किसी भी संस्था में अधीक्षक अथवा अधीक्षिका की पदस्थापना सात वर्ष से अधिक नहीं रहेगी। संबंधित अधीक्षकों को e-HRMS पोर्टल पर अनिवार्य रूप से स्थानांतरण आवेदन करना होगा।

आदेश के अनुसार सात वर्ष से अधिक समय से पदस्थ अधीक्षकों के लिए 5 से 7 अक्टूबर तक आवेदन की प्रक्रिया होगी। संबंधित अधीक्षक अधिकतम 15 पदस्थापनाओं का विकल्प दे सकेंगे। विकल्प वाले स्थानों पर पद उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में विभाग द्वारा अन्य शालाओं अथवा विकासखंडों में पदस्थापना की जा सकेगी। निर्धारित अवधि में आवेदन नहीं करने पर विभाग अपने स्तर से नियमानुसार स्थानांतरण कर सकेगा।

आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है कि जिन शिक्षकों के पास अधीक्षक का अतिरिक्त प्रभार है और उनका वेतन किसी अन्य संस्था से आहरित हो रहा है, उन्हें तत्काल मूल संस्था में भेजा जाए। इसके बाद जिला कलेक्टर के अनुमोदन से छात्रावास मुख्यालय की शाला के अन्य शिक्षक को अधीक्षक का दायित्व दिया जाएगा। साथ ही सात वर्ष पूर्ण कर चुके अधीक्षकों को दोबारा किसी अन्य छात्रावास का प्रभार नहीं देने और एक छात्रावास-एक अधीक्षक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।



मंडला में लंबे समय से जमे अधीक्षकों की भूमिका पर सवाल

आदिवासी बाहुल्य मंडला जिले में छात्रावासों की व्यवस्था को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। विभागीय संस्थाओं में ऐसे शिक्षकों के अधीक्षक के रूप में वर्षों तक बने रहने की चर्चा है, जिनकी मूल पदस्थापना कहीं और है। आरोप यह भी लगाए जाते रहे हैं कि कुछ अधीक्षक छात्रावास मुख्यालय में नियमित रूप से निवास नहीं करते, जबकि शासन के निर्देशों में अधीक्षक के लिए छात्रावास अथवा आश्रम परिसर में निवास करना अनिवार्य किया गया है।

छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता, निर्धारित मीनू के पालन तथा विद्यार्थियों को आवश्यक दैनिक उपयोग की सामग्री समय पर उपलब्ध कराने को लेकर भी शिकायतें सामने आती रही हैं। निरीक्षण और कार्रवाई की व्यवस्था के बावजूद यदि कमियां बार-बार सामने आती हैं तो निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े होते हैं। अब आयुक्त के ताजा आदेश के बाद जिले में वर्षों से एक ही व्यवस्था में बने हुए अधीक्षकों को हटाने की प्रक्रिया पर निगाहें टिक गई हैं। विभाग को यह सुनिश्चित करना होगा कि सात वर्ष की अवधि पूरी कर चुके अधीक्षकों को केवल एक छात्रावास से हटाकर दूसरे छात्रावास में पदस्थ कर आदेश की मूल भावना को निष्प्रभावी न किया जाए। आदेश के पालन में पारदर्शिता और वास्तविक अवधि के आधार पर कार्रवाई ही इसकी प्रभावशीलता तय करेगी।

खबर संक्षेप

वृद्धावस्था पेंशन योजना से कई पात्र वंचित, मात्र कागजों के आंकडों पर सफल होते हुये दिखाई पड़ रही सच्चाई

हरिभूमि न्यूज/ सांईखेड़ा। शासन द्वारा अनेक योजनायें चलाकर वृद्धों एवं गरीबों का भला करने की बात कही जा रही है वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि शहरी से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में वृद्ध महिलाओं व पुरूषों की हालत दिन पर दिन दयनीय व पीड़ादायक होती जा रही है। बताया जाता है कि इस हेतु शासन ने वृद्धावस्था पेंशन योजना शुरू की थी मगर देखा जा रहा है कि शासन की इस योजना को पंचायत में बैठे कर्णधारों द्वारा शासन के नियमों को अनदेखा कर पात्रजनों को इसका लाभ ना देकर अपात्रों को दिया जा रहा है और इसी प्रकार शासन की कई अन्य योजनायें भाई-भतीजावाद की शिकार हो रही हैं जिसके कारण आज भी इन वृद्धों को शासन की अनेक योजनायें चलने के बाद भी भूखों रहने की नौबत आ रही है..? शासन द्वारा वृद्धों के लिये वृद्धावस्था सुरक्षा पेंशन का फार्म निकालकर यह नियम लागू किया गया था। मगर इस योजना का लाभ अनेक निःसहाय वृद्धों को नहीं मिल पा रहा है। आम जन का आरोप है कि अधिकारियों द्वारा इन वृद्धों के आवेदनों को बिना देखे ही निरस्त कर दिया जाता हैं, विधवा महिलाओं की भी स्थिति अत्यंत दयनीय रहती है, देखने में आता है कि उन्हें भी शासन की योजनाओं से कोई फायदा नहीं मिल पाता है। क्षेत्र मंह अनेक विधवा महिलायें हैं जो परेशानियों के साथ अपना जीवन व्यतीत कर रही हैं जिनका भला करने के उद्देश्य से शासन ने इस प्रकार की योजनायें शुरू की थी मगर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा चलाई जा रही है। इस प्रकार की अनेक योजनाओं के बारे में पंचायत स्तर पर बैठे कुछ अधिकारी भाई-भतीजावाद की भेंट चढ़ाकर उन्हें पूरा कर देते हैं और पात्र हितग्रहियों को उनसे वंचित कर दिया जाता है, वहीं दूसरी ओर देखा जाता है कि नगर परिषदों से लेकर ग्राम पंचायतों द्वारा इन योजनाओं की राशि अनेकों माह तक बैंकों में ही पड़ी रहती है और हितग्री इस राशि को पाने के लिये भटकते रहते हैं। जिसमें प्रमुख रूप से वृद्धावस्था पेंशन योजना को लेकर अनेक वृद्ध पंचायतों के अनेक चक्कर काटने के बाद ही उन्हें यह राशि मिल पाती है, यह हाल जनपद पंचायत चावरपाठा के अंतर्गत आने वाली अनेक पंचायतों में देखा जा सकता है।

लगातार नदी में समाते हुये कम होती जा रही है किसानों की उपजाऊ भूमि से घट रहा है रकवा..

हरिभूमि न्यूज/कल्याणपुर। इस समय देखा जावे तो जहां क्षेत्र के किसान प्रकृति की मार से लगातार जूझते हुये अपनी जिन्दगी की गाडी को खीचते चले जा रहे है। मगर चीचली क्षेत्र के अनेक गांवों के किसानों की जमीन सीतारेवा नदी के किनारे होने के कारण जहां नदी में बाढ़ आने की स्थिति में उनकी फसल असुरक्षित हो रही है तो दूसरी ओर लगातार उनकी जमीन नदी में समाहित होने से गायब होती चली जा रही है। यदि बीते हुये पांच वर्षो की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस नदी के किनारे लगे हुये अनेक किसानों की कई एकड़ जमीन पानी के बहाव में समाते हुये गायब हो चुकी है। मगर आज तक शासन प्रशासन में बैठे हुये जिम्मेदारों द्वारा इस किसानों की राहत पहुंचाने की ओर कोई कदम नही उठाया गया है। इस तरह हर वर्ष किसानों के रकवे में लग रही सेंध को लेकर क्षेत्र के किसानों का कहना है कि नदी में बाढ का पानी आते ही उनकी जमीन की मिट्टी नदी के पानी में बह जाने के कारण खेत रेत में तब्दील हो चुका होता है। यदि राजस्व विभाग इस सच्चाई का पता लगाने के लिये खुद के माध्यम से नदी किनारे खेती करने वाले इन किसानों की जमीन की नाप कराते हुये रकवे की जांच कराये तो सैकड़ो एकड़ जमीन मौके से गायब मिलेगी मात्र कागजों में ही किसानों का रकवा दिखाई दे रहा है? मगर इसके बाद चौकाने वाली सच्चाई तो उस समय देखने मिलती है कि इन किसानों के नाम पर दर्ज भूमि नदी में समाहित होने के बाद यदि यह किसान उसी जमीन से रेत उठाने का प्रयास करते है तो प्रशासन द्वारा उनके खिलाफ कार्यवाही करने में कोई कसर नही छोड़ता है।

जर्जर हो रहे पुराने कालेज भवन में चुभने लगी वीरानगी

शासन की बहुपयोगी संपत्ति होने के बावजूद भी प्रशासन द्वारा नहीं दिया जा रहा ध्यान, महाविद्यालय की छात्राओं के लिये क्लास लगाने की शुरूआत से लौट सकती है रौनक...







हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। जहां एक ओर देखा जा रहा है कि शासन द्वारा पैसा खर्च करते हुए नगर में जहां तहां अनेक भवनों का निर्माण कराते हुए लोगों को उन भवनों को नगरवासियों की जरूरत बताया जा रहा है। वही दूसरी ओर मंगल भवनों के साथ साथ सामूहिक भवनों का भी निर्माण होते हुये भी देखा जा रहा है। मगर हैरत की बात यह है कि शासन की धन राशि से बने हुए पुराने भवनों की स्थिति इस प्रकार से होती जा रही है जहां पर प्रतिदिन जहां शराबियों की महफिले तो जमती ही है तो दूसरी ओर उन्ही भवन में लोगों द्वारा तोड़ फोड़ करते हुए हुए उसकी सामग्री भी गायब किये जाने में भी कोई कसर नही छोड़ी जा रही है। इस प्रकार से दुर्दशा का शिकार हो रहे नगर के शासकीय भवनों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो अनेक शासकीय भवन इस प्रकार पड़े हुए है जो उपयोगी होने के बाद भी प्रशासन तथा जिम्मेदार संस्थाओं की अनदेखी के चलते वह खंडहर होते हुये दिखाई दे रहे है। वही उनमें लगी हुई कीमती सामग्री गायब होने से नही बच पा रही है। जिसका जीता जागता हुआ उदाहरण नगर के पुराने कालेज भवन को देखकर स्पष्ट होने से नही चूक रहा है..? बताया जाता है कि इस शासकीय भवन को लेकर अतीत इस बात का साक्षी है कि कभी ऐसा भी दौरा था कि शहर में उच्चशिक्षा के लिए कालेज नहीं था। तब नगर के समाज सेवियो के अथक प्रयासों से वर्ष वर्ष 1972-73 में नगर पालिका एवं उस समय रहे यानि की तत्कालीन मुख्य मंत्री प्रकाश चंद सेठी द्वारा विज्ञान के नाम से भवन प्रदान करते हुए महाविद्यालय प्रारंभ किया गया था, जिसमें शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र, छात्राएं आज प्रदेश व देश में ही नही बल्कि देश विदेश में इस शहर का नाम रोशन कर रहे है। गौरतलब है कि वर्षो तक प्रायवेट रूप से संचालित होने वाला यह भवन बाद में शासन के अधीन हो गया था और इस भवन में महाविद्यालय के रूप में कई वर्षो तक छात्र छात्राओं ने शिक्षा ग्रहण की गई थी। मगर बाद में शहर के वायपास मार्ग यानि की गाडरवारा से कौड़िया की ओर जाने वाले मार्ग पर शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय का विशाल भवन निर्मित होने के बाद महाविद्यालय का कार्य उसे भवन में संचालित होने लगा जिसके कारण इस पुराने कालेज भवन के सितारे गार्दिश में आ गए और इसका उपयोग न होने की स्थिति में यह भवन लगातार जर्जर होने लगा है, जिसकी चिंता करते हुए इस भवन में कुछ हद तक सुधार कराते हुए यहां पर एक चौकीदार को जरूर रखवा दिया गया था। इस तरह कुछ दिनों तक इस भवन की देख रेख जरूर की गई थी। मगर यह भवन फिर बदहाली का शिकार होते हुये दिखाई देने लगा है। यदि आज की स्थिति में इस भवन की सच्चाई पर गौर किया जावे तो नगर के मध्य बने इस इस भवन को पुराने कालेज के नाम से पहचाने जाने वाले इस शासकीय भवन की कीमत करोड़ो रूपया में होगी...? मगर शासन द्वारा इस पुराने कालेज भवन को लगातार उपेक्षित किये जाने का परिणाम यह देखा जा रहा कि यहां पर रोज रात को जहां यहां पर सुराप्रेमी युवाओं ने इसके बेनूर कमरों में शराब खोरी शुरू कर दी। वही इस भवन की सुरक्षा के लिये बनाया गया तार का सुरक्षा घेरा तोड़ डालने के साथ साथ इस भवन में लगे हुए किबाड़ व खिडकी भी लगातार गायब होते हुए दिखाई दे रहे है? इस तरह वर्षो से खाली पड़े हुये पुराने कालेज भवन का उपयोग करते हुये यदि शासकीय भवन में छात्राओं के कालेज की शुरूआत हो जावे तो निश्चित ही जहां भवन की रौनक वापिस लोट आवेगी। वही दूसरी ओर नगर व गांवों से महाविद्यालय आने वाली छात्राओं को सुरक्षा प्रदान भी हो सकती है..? इस तरह लगातार खंडहर की स्थिति में पहुंच रहे इस भवन को भी बचाया जा सकता है मगर धन्य है यहां प्रशासनिक अधिकारियों की लीला जो करोड़ो की लागत वाले इस पुराने कालेज भवन की ओर किसी भी प्रकार से ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते इस पुराने कालेज भवन की दुर्दशा होने के कारण वह खड़हर तब्दील होता चला जा रहा है? यदि इस भवन की बदहाली पर गौर किया जावे तो इस शासकीय भवन के कमरों में रख रखाव की उचित व्यवस्था न होने से उनके दरबाजे टूट रहे है तथा पूर्णरूप से एक सन्नाटे के दामन में लिपटा हुआ नजर आने से नही चूक पा रहा है।

ग्राम खुलरी में विधायक पटेल ने श्रमदान करने के साथ पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश







हरिभूमि न्यूज/खुलरी। गांधी जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत बीते हुये दिवस जनपद पंचायत चांवरपाठ के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खुलरी में स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद क्षेत्र के विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता करते हुए श्रमदान किया तथा पौधरोपण भी किया। इस अवसर पर विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने कहा कि स्वच्छता केवल एक अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी से जुड़ा संकल्प है। स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए प्रत्येक नागरिक को अपनी जिम्मेदारी निभानी चाहिए। उन्होंने नागरिकों से स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाने तथा स्वच्छ भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। वही विधायक पटेल ने पर्यावरण संरक्षण के महत्व पर कहा कि पेड़ केवल छाया और फल ही नहीं देते, बल्कि स्वच्छ वायु, वर्षा, जल संरक्षण तथा पर्यावरण का संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। एक पौधा लगाना आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित एवं स्वस्थ भविष्य की नींव रखने के समान है। उन्होंने कहा कि केवल पौधरोपण करना ही पर्याप्त नहीं है। बल्कि लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित करना भी हमारी जिम्मेदारी है। इस मौके पर उन्होंने युवा साथियों एवं क्षेत्रवासियों से आग्रह किया कि वे अपने जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा अन्य विशेष अवसरों पर कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं और उसकी देखभाल का संकल्प लें। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। उपस्थितजनों ने स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया।

कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमति पटैल की मौजूदगी में मनाई गई गांधी जयंती



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। शुक्रवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती कांग्रेस कमेटी की जिला अध्यक्ष श्रीमति सुनीता पटेल की गरिमामयी उपस्थिति में मनाते हुये गांधी जी को याद करते हुये श्रद्वासुमन अर्पित किया गया। बताया जाता है कि कांग्रेस द्वारां गाँधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती ब्लॉक कांग्रेस गाडरवारा द्वारा शहर की पुरानी ग़ल्ला मंडी में मनाई गयी। उक्त कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष सतीश सैनी, गिरजाशंकर कौरव, जिला महासचिव उमेश नीरस, अवधेश रूसिया, प्रभात कुशवाहा, उमा ठाकुर, वरिष्ठ कांग्रेसी रफीक भाईजान, अशोक काबरा, वरिष्ठ समाजसेवी सुरेंद्र सिँह पटेल(मझले भैया) के आलवा क्षेत्र की कांग्रेस नेत्री तथा जिला पंचायत सदस्य मोना कौरव, रवि खजाँची, अनिल साहू, विनोद ठाकुर, जगदीश ससानी, ब्रजेश प्रवीण शर्मा, बंटू गुप्ता, पुखराज पांडे, सर्वेश राय, महमूद पहलवान, जिला कांग्रेस सोशल मिडिया प्रभारी सुनील दुबे, मंडलम अध्यक्ष हंसू राय, संजय कौरव, मनोज अवस्थी, कैलाश छिपा, सविता सेन, प्रियंका दीक्षित, सत्यवती चौधरी, धीरेंद्र सोनी, होती कोरी, अशोक मंगलानी, मोनू पाण्डे, ब्लॉक अध्यक्ष सेवा दल मनीष कौरव, ब्लॉक अध्यक्ष युवा कांग्रेस यश राय, आयुष जैन, जितेंद्र यादव सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

पानी टंकी क्षेत्र में कुत्तों के आतंक से राहगीर हो रहे परेशान, श्वान स्नेह आमजन पर पड़ रहा है भारी



हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा। इन दिनों देखा जा रहा है कि शहर में अधिकतर आवारा कुत्तें खुजली बीमारी की चपेट में जान पड़ रहे है। इससे गली चौराहों से आने जाने वाले लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। वही दूसरी ओर इन बीमार कुत्तों से अन्य कुत्तें तो चपेट में आ ही रहे है बल्कि इंसानों में भी यह बीमारी फैलने की आशंका बनते हुये दिखाई दे रही है? यूं फैलती है बीमारी-आवार कुत्तों को अमूमन खुजली की बीमारी फंगस, फफूंद तथा पैरासाइट की वजह से होती है। पालतू कुत्तों की समय समय पर सफाई होने से इनमें बीमारी कम पाई जाती है। लेकिन आवारा कुत्तों में सफाई के अभाव में बीमारी ज्यादा होती है जो बातावरण में फैलाता प्रदूषण भी मुख्य कारण है। प्रदूषित पानी पीने या प्रदूषित धूल कण में लेटने से भी खुजली की बीमारी की समस्या पैदा हो रही है। इंसानों को भी खतरा-पशु चिकित्साकों के अनुसार खुजली से पीड़ित कुत्तें बीमारी से परेशान होकर इधर उधर तेजी से घूमतें है, जिससे पास से निकलने वाले लोगों को भी इनके कीटाणु फैलतें है। बच्चों को अधिक सावधानी रखनी चाहिए। क्योंकि बच्चों में नासमझी की वजह से बच्चों के इनके सम्पर्क में आने या छू लेने से उन्हे भी बीमारी लगने की संभावना रहती है। वही दूसरी ओर बीते हुये कुछ महिनों से देखा जा रहा है शाम होते ही नगर की पानी टंकी क्षेत्र में जिस प्रकार से कुत्तो का आतंक इस तरह होता है कि दो पहिया वाहन चालकों के पीछे दौड़ने से नही चूकते है। इस तरह जब कोई बाइक चालक अपनी गति से जा रहा होता है और यहां पर घुमने वाले आवारा कुत्तों का झुंड अचानक भौगते हुये बाहन के पीछे हमला करने की मुद्रा में दौड़ता है तो मोटर साईकिल चालक अपना नियंत्रण खोने से नही चूकता है। इस स्थिति में जहां दुर्घटनाओं की संभावना पैदा होने से नही चूक पा रही है..? प्रतिदिन देखा जाता है कि कुछ लोगों द्वारा आटों के माध्यम से कुत्तों को भोजन कराने के लिये पहुंचते है। इस तरह कुत्तों को भोजन किराना बुरी बात नही है। मगर इस तरह कुत्ता को रहवासी व मुख्य मार्ग किनारे खिलाये जाने के कारण कुत्तों का झुंड पानी टंकी क्षेत्र के मुख्य मार्ग पर ही अपना डेरा जमाये रहता है। इस स्थिति में वह इस मार्ग से निकलने वाले वाहन चालकों के ऊपर हमला बोलने की स्थिति में जब पीछे दौड़ते है तो वाहन चालक दुर्घटना के शिकार होने से नही बच पा रहे है। शासन प्रशासन से आम लोगों द्वारा मांग की जा रही है कि कुत्तों का भोजन देने के लिये आने वाली इस समिति को किसी अन्य इस तरह की जगह पर भोजन देने के लिये निर्देशित किया जावे जिससे कुत्तों को भोजन भी मिल जावे और यह कुत्ता आम लोगों की जिन्दगी के लिये खतरा पैदा न कर पाये..?

गांधी जयंती के अवसर पर सालीचौका में श्रमदान व प्लास्टिक मुक्त भारत का दिया संदेश





हरिभूमि न्यूज / सालीचौका। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं भारत के द्वितीय प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सेवा मेरा योगदान एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विभिन्न जनहितैषी गतिविधियों का आयोजन किया गया। इस मौके पर नगरीय निकायों, ग्राम पंचायतों, स्वास्थ्य संस्थानों एवं शासकीय विद्यालयों में स्वच्छता अभियान, श्रमदान, पौधरोपण, स्वच्छता शपथ, प्लास्टिक मुक्त भारत के लिए जनजागरूकता तथा स्वच्छता कर्मियों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी के चलते नगर परिषद सालीचौका में श्रमदान, प्लास्टिक मुक्त भारत और पौधरोपण का संदेश दिया गया। बताया जाता है कि नगर परिषद सालीचौका में नगर परिषद अध्यक्ष राकेश (कैलाश) सिलावट के निर्देशन में सार्वजनिक स्थलों पर स्वच्छता अभियान चलाकर श्रमदान किया गया। स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ समाजसेवियों ने नागरिकों के साथ स्वच्छता अभियान में सहभागिता की गई। वही नगर परिषद अध्यक्ष एवं अन्य जनप्रतिनिधियों ने मुख्य बाजार का भ्रमण कर दुकानदारों से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद करने तथा कपड़े के थैले का उपयोग करने की अपील की गई। इस मौके पर दुकानदारों को प्रतिष्ठानों में सूखा एवं गीला कचरा अलग-अलग रखने और निकाय के कचरा संग्रहण वाहनों में ही कचरा डालने के लिए प्रेरित किया गया। नगर के वार्ड क्रमांक 11 एवं 12 स्थित मुक्तिधाम एवं पार्क में पौधरोपण किया गया तथा उपस्थित नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता एवं उपाध्यक्ष प्रतिनिधि रामनारायण बढकुर, पार्षद श्रीमती किरण मेहरा, राजेश पटेल, हक्के लाल, पार्षद प्रतिनिधि दुर्गा प्रसाद पटेल, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुरेश मामुलिया, एल्डरमेन भैरव प्रसाद मेहरा, राजेंद्र पटेल,सरस्वती राजेन्द्र विश्वकर्मा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती भवानी शर्मा सहित नगर परिषद के कर्मचारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसी प्रकार से गाडरवारा तालाब परिसर में श्रमदान एवं पौधरोपण किया गया। बताया जाता है कि नगर पालिका परिषद गाडरवारा द्वारा तालाब परिसर में श्रमदान, साफ-सफाई एवं वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती रितु मेहरा, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं समाजसेवियों ने सहभागिता की। सभी ने नगर को स्वच्छ रखने की शपथ ली। इस दौरान नगर को प्लास्टिक मुक्त बनाने के उद्देश्य से नागरिकों को कपड़े की थैलियों का वितरण भी किया गया।

स्कूली बच्चों को आईटीआई की सैर कराते हुये प्रदान की गई औद्योगिक जानकारियाँ





हरिभूमि न्यूज/चीचली। शिक्षा के साथ साथ बच्चों को अन्य जानकारियों से अवगत कराते की सोच के चलते अनेक प्रकार की जगहों का भ्रमण कराया जाता है। इसी के चलते गत दिवस ग्राम सूखाखैरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्राचार्य महेंद्र सिंह पटेल एवं डॉ संदीप कुमार मेहरा (व्यावसायिक शिक्षा प्रभारी) के मार्ग दर्शन में संस्था के बच्चों को व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) का शैक्षणिक एवं औद्योगिक भ्रमण कराया गया। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा एवं तकनीकी प्रशिक्षण के वास्तविक स्वरूप से परिचित कराना तथा उन्हें भविष्य में कौशल आधारित शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों के प्रति जागरूक करना था। वही भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को विशेष रूप से कोपा (कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग सहायक) व्यवसाय के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान विद्यार्थियों को कंप्यूटर के हार्डवेयर एवं सॉफ्टवेयर, कंप्यूटर संचालन, टाइपिंग, एम.एस. ऑफिस, इंटरनेट, डिजिटल तकनीक, प्रोग्रामिंग तथा कंप्यूटर के विभिन्न व्यावहारिक उपयोगों के बारे में जरूरी जानकारियों से अगवत कराया गया। बताया जाता है कि इस मौके पर विद्यार्थियों ने आई.टी.आई. की कंप्यूटर प्रयोगशाला, अन्य संचालित सभी ट्रेड (इलेक्ट्रिशियन, फिटर आदि) एवं प्रशिक्षण व्यवस्था का अवलोकन किया और प्रशिक्षकों द्वारा किए जा रहे विभिन्न व्यावहारिक कार्यों को समझा। विद्यार्थियों को यह भी बताया गया कि वर्तमान समय में कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी का उपयोग शिक्षा, कार्यालय, उद्योग, व्यवसाय तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में व्यापक रूप से किया जा रहा है। इस औद्योगिक भ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने का अवसर मिला। साथ ही विद्यार्थियों में कंप्यूटर शिक्षा, कौशल विकास तथा तकनीकी क्षेत्र में भविष्य बनाने के प्रति रुचि और जागरूकता उत्पन्न हुई।इस प्रकार का भ्रमण विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास, कौशल निर्माण एवं रोजगारपरक शिक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। विद्यालय परिवार द्वारा इस सफल शैक्षणिक भ्रमण में सहयोग प्रदान करने वाले सभी प्रशिक्षकों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया गया। भ्रमण में अम्बर श्रीवास्तव, सीमा द्विवेदी,अनीता आचार्य, अमित मेहरा सहित अन्य शिक्षकगण मौजूद रहे।

ट्रेन में सीट सुरक्षित या फिर जल्दबाजी के चक्कर में रेल पटरी पार करना बन सकता जिन्दगी को खतरा



हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। शहर के रेलवे स्टेशन पर रेलयात्री सुविधाएं मॉगने के हकदार है, किन्तु जान जोखिम में डाल उनका ट्रेनो में सफर करने को आतुर रहना उचित नही कहा जा सकता। गौरतलब है कि इन दिनों त्यौहारों की धूमधाम कारण रेलवे स्टेशन के दोनो प्लेट फार्मो पर रेलयात्री बच्चो, युवाओं, महिलाओं की काफी भीड भाड़ का आलम रहता है, इस दौरान जब भी कोई ट्रेन रूकती है तो उसमें सीट सुरक्षित करने के लिए या फिर जल्द बाजी में दूसरे प्लेट फार्म पर पहुंचने के लिये अधिकतर यात्री अपनी जान की परवाह न करते हुये मासूम बच्चों को लेकर पटरी पार करने से नही चूकते है, इसमें महिलाएं भी पीछे नही रहती है, इतना ही नही हालत यह है कि कभी कभी तो रूकने के लिए रेंगती ट्रेनो में उनके द्वारा चढ़नें की कोशिश की जाती है। अक्सर देखा जाता है कि अनेक रेलयात्री ट्रेनो में सीट सुरक्षित करने के चलते ट्रैक पर खड़े हो जाते है, जब प्लेटफार्म कूद ट्रैक पार करना अपने आम में खतरे से खाली नही रहता, शहरवासियो ने रेल पुलिस से गुहार लगायी है कि स्टेशन पर ट्रेनो के आने के समय वह प्लेटफार्मो पर विशेष चौकासी बरते और रेलो में जगह पाने के लिए ट्रैक का इस्तेमाल करने वाले रेलयात्रियो को ट्रैक से हटाते हुये प्लेट फार्मो पर ही बैठकर ट्रेनो में चढ़ने की हिदायत दे।

शासकीय चिकित्सालय की बाउंड्री के पास शराबियों की जमघट से हो रही परेशानी?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा। आये दिन स्थानीय पुलिस थाने में आयोजित होने वाली बैठकों में पुलिस अधिकारियों द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिए बड़ी बड़ी बाते तो की जाती है..? मगर यदि सच्चाई पर नजर डाली जावे तो सिर्फ वह बाते उसी बैठक तक ही सीमित रहने से नही चूकती है। इस बात की सच्चाई वर्तमान में नगर में दिखाई दे रही है, लोगों का कहना है कि स्थानीय खेल ग्राउंड व स्थानीय शासकीय चिकित्सालय के पास बनी नई बाउन्ड्री बाल के पास प्रतिदिन शाम होते ही शराबियों का जमावड़ा लग जाता है,जिसके कारण इन स्थानों से निकलने वाले लोगों को जहा परिशानियों का सामना करना पड़ता है। वही यदि इस मार्ग से कोई भूल बस महिलाओं का निकलना होता है तो इन शराबियों की छीटाकशी के चलते उसे अपमानित तक होना पड़ता है? वही शासकीय चिकित्सालय की बाउन्ड्री के पास लग रहे शराबियों के जामवड़ा से तो वहा निवास करने वाले लोगों को परेशानी उठाना ही पड़ रही है, तथा दूसरी ओर पास में बने बंजारी माता पर दर्शन करने जाने वाली माँ बहिनों को भी इनको मनचलों की छीटाकशी का शिकार होकर अपमान का कड़वा घूट पीना पड रहा है? जब भी बैठक का आयोजन होता है तो पुलिस अधिकारियों द्वारा शराबियों की मनमानी से निजात दिलाने के दाबे किये जाते है।

खबर संक्षेप

गांधी जयंती पर NCC कैडेट्स ने दिया स्वच्छता का संदेश

शहपुरा- राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को स्वच्छ भारत मिशन के तहत एनसीसी कैडेट्स द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान कैडेट्स ने विद्यालय परिसर सहित रानी दुर्गावती स्टेडियम में साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।इस दौरान एनसीसी कैडेट्स ने परिसर में मौजूद कचरे को एकत्रित कर साफ-सफाई की तथा लोगों को सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने के लिए प्रेरित किया। अभियान का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवाओं को स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कैडेट्स एवं अन्य लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। सभी ने अपने आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने, कचरा इधर-उधर न फेंकने तथा दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का संकल्प लिया। गांधी जयंती के अवसर पर आयोजित इस अभियान के माध्यम से एनसीसी कैडेट्स ने स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि दैनिक जीवन की जिम्मेदारी बनाने का संदेश दिया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत देवी मड़िया तालाब में चला स्वच्छता अभियान



शहपुरा। गांधी जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी मंडल शहपुरा द्वारा देवी मड़िया तालाब परिसर में स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समाजसेवियों ने श्रमदान कर तालाब परिसर की साफ-सफाई की और कचरा व गंदगी हटाकर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं ने सामूहिक रूप से तालाब परिसर की सफाई करते हुए लोगों को सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने तथा जलस्रोतों को प्रदूषण से बचाने के प्रति जागरूक किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं ने स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण बनाए रखने और अपने आसपास नियमित रूप से स्वच्छता रखने का संकल्प भी लिया।इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता केवल किसी एक दिन का अभियान नहीं, बल्कि सामूहिक जिम्मेदारी है। स्वच्छ सार्वजनिक स्थल और साफ जलस्रोत स्वस्थ समाज के लिए आवश्यक हैं। सेवा संकल्प अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं द्वारा समाज के बीच स्वच्छता, सेवा एवं जनजागरूकता का संदेश पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।





अवंती बाई चौक में चला सामूहिक स्वच्छता अभियान

डिंडौरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 2 अक्टूबर को अवंती बाई चौक में सामूहिक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आम नागरिकों ने सहभागिता करते हुए श्रमदान किया और स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया।अभियान के दौरान अवंती बाई चौक एवं आसपास के क्षेत्रों में साफ-सफाई की गई। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वयं श्रमदान कर लोगों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया। इस दौरान नागरिकों से अपने घर, कार्यस्थल तथा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ रखने और कचरे का उचित निपटान करने की अपील की गई। कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि स्वच्छता किसी एक व्यक्ति या विभाग की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि समाज के प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही स्वच्छ वातावरण का निर्माण संभव है। सार्वजनिक स्थलों की स्वच्छता बनाए रखने के लिए सामूहिक प्रयास और निरंतर जनभागीदारी आवश्यक है। स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है, इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता को अपनी दैनिक जीवनशैली का हिस्सा बनाना चाहिए।सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ सामुदायिक सहभागिता को प्रोत्साहित करना रहा। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने नागरिकों से सार्वजनिक स्थानों पर कचरा नहीं फैलाने, दूसरों को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने तथा अपने आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखने की अपील की।

गांधी जयंती पर शारदा टेकरी परिसर में हुआ पौधरोपण



डिंडोरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम के तहत शारदा टेकरी परिसर में वृहद पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण, हरियाली विस्तार एवं स्वच्छता का संदेश देते हुए पौधों की सुरक्षा और देखभाल का संकल्प लिया गया।

पौधरोपण के दौरान परिसर में आम, आंवला, अमरूद सहित विभिन्न फलदार एवं छायादार पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में शामिल अतिथियों एवं सहभागियों ने पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल की जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए पौधरोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों का संरक्षण भी जरूरी है।कार्यक्रम में जिले के प्रशासनिक, पुलिस एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि, स्थानीय नागरिक एवं पर्यावरण प्रेमी शामिल हुए। उपस्थित लोगों ने महात्मा गांधी के स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता से जुड़े विचारों को अपनाने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक आशीष खरे, वन मंडल अधिकारी अशोक कुमार सोलंकी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी दिव्यांशु चौधरी, प्रशिक्षु आईएफएस अपूर्व सिंह, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष चमरू सिंह, पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष नरेंद्र राजपूत, जिला महामंत्री सुधीर दत्त तिवारी, जिला पंचायत सदस्य हीरा परस्ते, आशीष व्यास, महेश सिंह धूमकेतु, स्कंद चौकसे, खेल विभाग से चेतराम अहिरवार एवं संतोषी यादव, जन अभियान से धर्मेंद्र चौहान एवं गणेश सिंह सहित वन विभाग के उपवन मंडल अधिकारी, गाड़ासरई एवं डिंडोरी के अधिकारी, वन परिक्षेत्र अधिकारी डिंडोरी एवं वन विभाग का स्टाफ उपस्थित रहा।कार्यक्रम में स्थानीय नागरिकों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने भी सहभागिता की। इस दौरान सभी ने स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ पर्यावरण के निर्माण में सामूहिक भागीदारी निभाने का संकल्प लिया।

जैतपुरी में जर्जर आंगनबाड़ी भवन से हादसे का खतरा

शहपुरा। जनपद पंचायत मेंहदवानी अंतर्गत ग्राम पंचायत जैतपुरी में लंबे समय से जर्जर एवं अनुपयोगी अवस्था में पड़ा पुराना आंगनबाड़ी भवन अब बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंता का कारण बना हुआ है। ग्रामीणों के अनुसार भवन की स्थिति काफी खराब है और इसके आसपास से बच्चों का आवागमन बना रहता है। ऐसे में किसी अप्रिय घटना की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।बताया जाता है कि जर्जर भवन के आसपास ही प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय तथा आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन संस्थानों में प्रतिदिन बड़ी संख्या में बच्चों का आना-जाना होता है। ग्रामीणों का कहना है कि बच्चे आसपास खेलते भी हैं, जिससे असुरक्षित भवन उनके लिए जोखिम पैदा कर सकता है।

ग्रामीणों का कहना है कि पुराना भवन लंबे समय से अनुपयोगी स्थिति में है और इसकी जर्जर हालत की जानकारी ग्राम पंचायत को भी है। इसके बावजूद भवन को सुरक्षित करने, घेराबंदी करने अथवा नियमानुसार डिस्मेंटल करने की दिशा में अब तक कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है।ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि क्या इस भवन की स्थिति की जानकारी संबंधित महिला एवं बाल विकास विभाग तथा उच्च अधिकारियों को दी गई है? यदि अधिकारियों को इसकी जानकारी है, तो अब तक सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम क्यों नहीं किए गए। ग्रामीणों का कहना है कि किसी दुर्घटना का इंतजार करने के बजाय प्रशासन को समय रहते आवश्यक कदम उठाने चाहिए।



निरीक्षण और कार्रवाई की मांग

जर्जर भवन को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। उनका कहना है कि स्कूल और आंगनबाड़ी बच्चों से जुड़े महत्वपूर्ण स्थान हैं, इसलिए आसपास मौजूद असुरक्षित भवनों को लेकर विशेष सतर्कता बरतना जरूरी है। यदि भवन तकनीकी रूप से असुरक्षित और पूरी तरह अनुपयोगी पाया जाता है तो नियमानुसार उसे हटाने की प्रक्रिया शुरू की जानी चाहिए।ग्रामीणों ने प्रशासन से मौके का निरीक्षण कराने, भवन की तकनीकी स्थिति की जांच कराने तथा असुरक्षित पाए जाने पर नियमानुसार डिस्मेंटल की कार्रवाई करने की मांग की है।

अमरपुर में श्रीमद्भागवत कथा में उमड़ रही श्रद्धालुओं की भीड़



अमरपुर। ग्राम अमरपुर के रामगढ़ रोड स्थित निज निवास में स्व. श्री नोखेलाल यादव की वार्षिक बरसी एवं श्राद्ध के अवसर पर आयोजित संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ में श्रद्धालुओं की आस्था उमड़ रही है। कथा के छठवें दिन कथावाचक परम पूज्य श्री रमेश दत्त गौतम ने भगवान श्रीकृष्ण एवं सुदामा की मित्रता का मार्मिक प्रसंग सुनाया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे।कथावाचक ने कृष्ण-सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा कि दोनों की मित्रता निस्वार्थ प्रेम और समर्पण का अद्भुत उदाहरण है। द्वारिकाधीश बनने के बाद भी भगवान श्रीकृष्ण ने अपने बालसखा सुदामा को देखते ही उनका आत्मीयता से स्वागत किया। उन्होंने सुदामा के चरण धोए और उनके द्वारा प्रेमपूर्वक लाए गए तंदुल को बड़े भाव से ग्रहण किया। कथा के माध्यम से उन्होंने संदेश दिया कि भगवान धन-संपत्ति नहीं, बल्कि भक्त के सच्चे भाव को देखते हैं।महाराज जी ने कहा कि वर्तमान समय में सुदामा जैसी निस्वार्थ मित्रता और श्रीकृष्ण जैसा सच्चा मित्र मिलना दुर्लभ है। कथा में कृष्ण-सुदामा प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन सुनकर श्रद्धालुओं की आंखें नम हो गईं। पूरा पंडाल 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से गूंज उठा। श्रीमद्भागवत कथा में अमरपुर सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में महिला-पुरुष, बुजुर्ग एवं युवा श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते पंडाल में बैठने के लिए जगह कम पड़ गई। आयोजक परिवार की ओर से श्री रमेश कुमार (हरि) यादव, राम मिलन यादव, रामकृष्ण यादव, संजय यादव, मदन यादव एवं समस्त यादव परिवार ने कथा में पहुंचे श्रद्धालुओं का आत्मीय स्वागत किया।उल्लेखनीय है कि यह श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ 26 सितंबर से प्रारंभ हुआ है। कथा के दौरान ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र, श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, गोवर्धन पूजा एवं रुक्मणी विवाह सहित विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का भावपूर्ण वर्णन किया जा चुका है।ज्ञानयज्ञ का समापन 3 अक्टूबर को बरसी एवं श्राद्ध कार्यक्रम, हवन-पूजन, आरती तथा विशाल भंडारा प्रसाद के साथ होगा। आयोजक परिवार ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर धार्मिक आयोजन में सहभागी बनने का आग्रह किया है।



कैच द रेन अभियान के तहत ग्राम पंचायत सिंगपुर में रिफॉर्म महोत्सव 2026 आयोजित

डिंडोरी – जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के कैच द रेन अभियान अंतर्गत रिफॉर्म महोत्सव 2026 का आयोजन जनपद पंचायत बजाग की ग्राम पंचायत सिंगपुर में 2 अक्टूबर 2026 को संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्रालय की ओर से सहायक निदेशक, सेंट्रल वाटर कमीशन श्री नरेश रोहित, कार्यपालन यंत्री, सरपंच, सचिव, सहायक यंत्री सहित संबंधित अधिकारी एवं प्रतिनिधि तथा ग्रामीणजन उपस्थित रहे।कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल बचाने एवं जल संरक्षण के संबंध में जानकारी दी गई। ग्रामीणों को वर्षा जल संचयन, जल स्त्रोतों के संरक्षण तथा पानी के विवेकपूर्ण उपयोग के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी को जल बचाने की शपथ दिलाई गई। साथ ही 'जल संचय से जन भागीदारी' एंथम का गायन भी किया गया।भारत सरकार के नोडल ऑफिसर एवं सहायक निदेशक, सेंट्रल वाटर कमीशन श्री नरेश रोहित द्वारा ग्राम पंचायत सिंगपुर में जल संचय से जनभागीदारी अंतर्गत निर्मित विभिन्न जल संरक्षण एवं जल संचय संरचनाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने संरचनाओं का अवलोकन कर जल संरक्षण की दिशा में किए जा रहे कार्यों की सराहना की।गौरतलब है कि जल संचय से जनभागीदारी अभियान में जिला डिंडौरी ने देश में तीसरा स्थान तथा मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जिले में जल संरक्षण एवं जल संचय के लिए जनभागीदारी से किए जा रहे निरंतर प्रयासों को दर्शाती है।

गांधी जयंती पर कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी को किया नमन



शहपुरा। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर 2 अक्टूबर को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय राय के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता कार्यक्रम में शामिल हुए।कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि देने के साथ हुआ। इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेसजनों ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के जीवन, संघर्ष और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान को स्मरण किया।कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, सद्भाव, भाईचारे और राष्ट्रसेवा के विचार आज भी समाज के लिए प्रासंगिक हैं। उनके विचार समाज में शांति, एकता एवं आपसी सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा देते हैं।इस अवसर पर कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने गांधीजी के आदर्शों को आत्मसात करने तथा उनके बताए मार्ग पर चलते हुए समाज और राष्ट्र की सेवा करने का संकल्प लिया। साथ ही गांधीजी के विचारों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने की प्रतिबद्धता दोहराई गई।कार्यक्रम में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संजय राय, गोवर्धन तेजवानी, राजेश गुप्ता, राजेंद्र गुप्ता, मोहित साहू, अशोक सोनी, कृष्णा उरेती, अमन पाठक, संजय दुबे, रघुनंदन पांडे, भूपत साहू, अखिलेश पाठक, लक्ष्मी तिवारी, रमेश चंदेल, नीरज नामदेव एवं सोनू गुप्ता सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सेवा संकल्प अभियान के तहत भाजपा ने चलाया सामूहिक स्वच्छता अभियान



डिंडौरी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला डिंडौरी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत अटल स्मारक एवं सार्वजनिक जिम परिसर के समीप सामूहिक स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। अभियान में भाजपा के जिला एवं मंडल पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों तथा कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए श्रमदान किया।स्वच्छता अभियान के दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने सार्वजनिक स्थल पर साफ-सफाई कर स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण बनाने में योगदान दिया। साथ ही नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए अपने आसपास के परिवेश को स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि महात्मा गांधी ने स्वच्छता को स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र के निर्माण की महत्वपूर्ण आधारशिला माना था। उनके विचारों को आत्मसात करते हुए स्वच्छता को केवल एक दिन तक सीमित न रखकर इसे दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाना आवश्यक है। जनभागीदारी और सामूहिक प्रयासों के माध्यम से ही स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज का निर्माण संभव है।सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाजसेवा, जनजागरूकता, पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता के प्रति नागरिकों की जिम्मेदारी को और मजबूत करना रहा। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने सामाजिक एवं रचनात्मक गतिविधियों में निरंतर सहभागिता निभाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय में गांधी जयंती पर पालक संघ की बैठक



अमरपुर। कस्तूरबा गांधी कन्या आवासीय विद्यालय अमरपुर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर पालक संघ की बैठक एवं गांधी जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं, पालकों, छात्रावास अधीक्षिका, वार्डन एवं विद्यालय स्टाफ की सहभागिता रही।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के तैलचित्र पर चंदन एवं माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए गए। उपस्थित छात्राओं एवं विद्यालय परिवार ने गांधीजी के जीवन, आदर्शों एवं उनके विचारों को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया।इस अवसर पर आयोजित पालक संघ की बैठक में छात्राओं की शिक्षा, सुरक्षा, स्वास्थ्य, आवासीय सुविधाओं एवं नियमित उपस्थिति सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। विद्यालय प्रबंधन द्वारा पालकों को विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं अन्य गतिविधियों की जानकारी देते हुए छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति से भी अवगत कराया गया।कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता एवं सादगी के विचारों पर अपने विचार व्यक्त किए। वक्ताओं ने कहा कि गांधीजी के आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं और विद्यार्थियों को उनके जीवन मूल्यों को अपने आचरण में अपनाने का प्रयास करना चाहिए।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण पालक, छात्राएं एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे। पालक संघ की बैठक के माध्यम से विद्यालय एवं अभिभावकों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने तथा छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर सहयोग की भावना पर जोर दिया गया।

हरिभूमि

नर्मदा भूमि

10

जबलपुर, शनिवार 3 अक्टूबर 2026

login : www.haribhoomi.com

करेली | तेंदूखेड़ा | श्रीधाम | सालीचौका | सुआतला | गाडरवारा | राजमार्ग | साईंखेड़ा | चीचली | करकबेल

सेवा संकल्प अभियान के तहत स्वच्छता कर्मियों का किया सम्मान

स्वच्छता कर्मियों का कराया स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। गांधी जयंती के अवसर पर सेवा मेरा योगदान एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले के नगरीय निकायों में स्वच्छता कर्मियों के सम्मान कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगर पालिका परिषद गोटेगांव एवं नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर में आयोजित कार्यक्रमों में स्वच्छता कर्मियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विधायक महेन्द्र नागेश, पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, नगर पालिका अध्यक्ष नरसिंहपुर नीरज दुबे, उपाध्यक्ष अजीत ठाकुर, नगर पालिका गोटेगांव के अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष, समाजसेवी रामसनेही पाठक, महंत प्रीतमपुरी गोस्वामी, पार्षदगण सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता कर्मी उपस्थित रहे। गोटेगांव में आयोजित कार्यक्रम में स्वच्छता कर्मियों के सम्मान के साथ उनके स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण के लिए स्वास्थ्य शिविर भी लगाया गया।







सफाई कर्मियों का कराया स्वास्थ्य परीक्षण

विधायक महेन्द्र नागेश ने कहा कि स्वच्छता कर्मी हमारे नगर को स्वच्छ और सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे प्रतिदिन मेहनत और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करते हैं। इनके योगदान का सम्मान करना हम सभी का दायित्व है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य का ध्यान रखना भी जरूरी है, क्योंकि वे प्रतिदिन स्वच्छता व्यवस्था को बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं। इसी उद्देश्य से कार्यक्रम में स्वास्थ्य एवं नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। उन्होंने नागरिकों से भी स्वच्छता कर्मियों के कार्य में सहयोग करने और अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने की अपील की। नगर परिषद तेंदूखेड़ा में भी स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सफाई मित्रों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर सफाई मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा गया कि वे प्रतिदिन अपने दायित्वों का निर्वहन कर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उनके परिश्रम एवं सेवाभाव के प्रति सम्मान व्यक्त किया गया।

स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने कहा कि स्वच्छता ही सेवा है और सेवा ही धर्म है। स्वच्छता का हमारे जीवन में विशेष महत्व है। स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के लिए स्वच्छता कर्मी निरंतर परिश्रम करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से देशभर में स्वच्छता के प्रति व्यापक जन जागरूकता आई है। जिले के नगरीय निकायों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता कर्मी निरंतर अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। श्री पटेल ने नागरिकों से अपील की कि घरों से निकलने वाले कचरे को इधर-उधर न फेंकें, बल्कि निर्धारित स्थान पर ही कचरा डालें। इससे कचरे का व्यवस्थित संग्रहण एवं निष्पादन सुनिश्चित किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि स्वच्छता के लिए जन भागीदारी आवश्यक है और प्रत्येक नागरिक को इसमें अपना योगदान देना चाहिए।

विशेष माफी देकर रिहा किए गए 3 बंदी

मध्यप्रदेश शासन के जेल विभाग मुख्यालय भोपाल के जारी दिशा निर्देशों के तहत प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी गांधी जयंती के अवसर पर केन्द्रीय जेल नरसिंहपुर में निरूद्ध एवं विशेष परिहार का लाभ प्राप्त करने वाले 3 बंदियों को सजा समाप्ति पर फूलमाला, श्रीफल एवं स्थाई रिहाई प्रमाण पत्र देकर रिहा किए गए। हर वर्ष 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के रूप में मनाया जाता है। अंग्रेजों से आजादी दिलाने में गांधी जी का विशेष योगदान रहा है। अहिंसा गांधीजी के दर्शन का मूलमंत्र रहा, जिसके बारे में उन्होंने कहा था कि अहिंसा एक दर्शन है, एक सिद्धांत है और एक अनुभव, जिसके आधार पर समाज को बेहतर बनाया जा सकता है। सत्य और अहिंसा को लेकर गांधी जी हमेशा से न सिर्फ भारत बल्कि पूरी दुनिया का मार्गदर्शन करते रहे हैं। गांधी जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री श्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

दिव्यांशु का असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए चयन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। जिले के ग्राम समरिया निवासी दिव्यांशु पटेल पिता श्याम पटेल का एमपी पीएससी परीक्षा में दसवीं रैंक हासिल कर परिवार का नाम रोशन किया। दिव्यांशु का चयन मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित असिस्टेंट प्रोफेसर परीक्षा 2024 में चयन हुआ है। उनकी सफलता पर शुभचिंतकों द्वारा शुभकामनाएं प्रेषित की गई।



गांधी-शास्त्री जयंती पर कांग्रेस का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर नरसिंहपुर ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस द्वारा ग्राम उमरिया में कांग्रेस संगठन समीक्षा एवं कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में संगठन की गतिविधियों की समीक्षा के साथ आगामी कार्यक्रमों को लेकर कार्यकर्ताओं से सक्रियता और निष्ठा के साथ जुटने का आह्वान किया गया। इसके अलावा जिले में कांग्रेस द्वारा विभिन्न स्थानों पर गांधी-शास्त्री जयंती के अवसर पर कार्यक्रम आयोजित किए गए। ग्राम उमरिया में आयोजित सम्मेलन को जिला अध्यक्ष सहित अन्य वक्ताओं द्वारा संबोधित किया गया। कार्यक्रम का संचालन नीलेश जाट, आभार प्रदर्शन पूर्व जनपद उपाध्यक्ष डेलन सिंह पटेल ने किया। नरसिंहपुर शहर ब्लॉक कांग्रेस द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर कांग्रेस कार्यालय में दोनों महापुरुषों के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा गांधी चौक स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। कांग्रेसजनों ने महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा एवं शांति के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के जय जवान, जय किसान के राष्ट्र निर्माण के संदेश को स्मरण किया। नगर कांग्रेस अध्यक्ष रोहित पटेल ने आभार व्यक्त किया।



विद्यार्थियों ने रैली निकालकर दिया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर रोशन धोरेलिया इंटरनेशनल स्कूल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा, स्वच्छता और सादगी के आदर्शों से परिचित कराना तथा उन्हें अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित करना था। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक रैली निकाली और स्वच्छता एवं गांधीजी के आदर्शों से संबंधित संदेशों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। विद्यार्थियों ने गांधीजी का रूप धारण कर उनके विचारों और आदर्शों को प्रस्तुत किया, जिससे कार्यक्रम आकर्षण का केंद्र बना। विद्यालय परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। विद्यार्थियों ने स्वच्छता के महत्व को समझते हुए साफ-सफाई में भाग लिया और स्वच्छ एवं सुंदर वातावरण का संदेश दिया। कार्यक्रम का सफल संचालन विद्यालय के चेयरमैन प्रसून धोरेलिया के मार्गदर्शन में हुआ। विद्यालय की डायरेक्टर सोनाली धोरेलिया ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया और गांधी जी एवं शास्त्री जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।



शिकायत मिलते ही कुछ मिनट के लिए खोला स्टॉल, फिर बंदरेलवे अधिकारियों को गुमराह करने का आरोप

श्रीधाम स्टेशन पर अवैध वेंडरों की मौजूदगी पर भी सवालश्रीधाम

गोटेगांव। रेलवे स्टेशन श्रीधाम पर लंबे समय से बंद पड़े एक स्टॉल को लेकर शिकायत के बाद ठेकेदार के वेंडरों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठे हैं। हरिभूमि के संवाददाता द्वारा सुबह 10:46 बजे लंबे समय से बंद स्टॉल की फोटो खींचकर डीसीएम शशांक गुप्ता को भेजी गई और मामले की जानकारी दी गई। शिकायत की जानकारी मिलते ही ठेकेदार के वेंडर सक्रिय हुए और कार्रवाई से बचने के लिए कुछ समय के लिए स्टॉल खोल दिया गया। हालांकि, कुछ ही मिनट बाद स्टॉल को दोबारा बंद कर दिया गया।स्टॉल के दोबारा बंद होने की फोटो भी डीसीएम को भेजी गई है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या शिकायत और संभावित कार्रवाई की जानकारी मिलते ही महज औपचारिकता पूरी करने के लिए स्टॉल खोला गया था। अब देखना यह है कि पूरे मामले में रेलवे द्वारा ठेकेदार के विरुद्ध क्या कार्रवाई की जाती है।अवैध वेंडरों की मौजूदगी पर भी उठ रहे सवालश्रीधाम रेलवे स्टेशन पर लंबे समय से अवैध वेंडरों की मौजूदगी की शिकायतें भी सामने आती रही हैं। आरोप है कि कुछ वेंडर बिना अधिकृत अनुमति के खाद्य सामग्री की बिक्री कर रहे



हैं और आलूबंडा सहित अन्य खाद्य पदार्थ बेचने के लिए चलती ट्रेन में तक सवार हो जाते हैं। इससे यात्रियों की सुरक्षा के साथ-साथ खाद्य स्वच्छता को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं।सबसे गंभीर सवाल इन वेंडरों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं फिटनेस प्रमाण पत्र को लेकर उठाया जा रहा है। यदि किसी खाद्य विक्रेता का स्वास्थ्य परीक्षण ही नहीं हुआ है तो यह सुनिश्चित करना मुश्किल है कि वह यात्रियों को खाद्य सामग्री बेचने के लिए स्वास्थ्य की दृष्टि से उपयुक्त है या नहीं। ऐसे में यह भी जांच का विषय है कि बिना आवश्यक स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र और अधिकृत अनुमति के खाद्य सामग्री बेचने वाले वेंडरों को स्टेशन परिसर और ट्रेनों में बिक्री की अनुमति कैसे मिल रही है।यदि बिना स्वास्थ्य परीक्षण वाले वेंडरों द्वारा खाद्य सामग्री की बिक्री की जा रही है, तो इससे यात्रियों के स्वास्थ्य पर संभावित प्रतिकूल प्रभाव की जिम्मेदारी किसकी होगी? साथ ही यह भी जांच का विषय है कि इन कथित अवैध वेंडरों को संरक्षण आखिर किस स्तर से मिल रहा है।डीसीएम बोले—शिकायत पर लिया जाएगा संज्ञानइस संबंध में डीसीएम शशांक गुप्ता ने कहा, "हम समय-समय पर निगरानी कर अवैध वेंडरों पर कानूनी कार्रवाई करते रहते हैं। आपकी शिकायत पर संज्ञान लिया जाएगा।"अब शिकायत के बाद रेलवे द्वारा स्टॉल बंद रखने और कथित अवैध वेंडरों की मौजूदगी के मामले में क्या जांच एवं कार्रवाई की जाती है, इस पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की नजर बनी हुई है।

पुस्तक रामरस का विमोचन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। श्रीराम के जीवन, आदर्शों और मानवीय मूल्यों पर आधारित काव्य पुस्तक 'रामरस' का आनलाइन मोड पर विमोचन किया गया। लेखक ललित श्रीवास्तव द्वारा उक्त पुस्तक में भगवान के आदर्श एवं श्रीराम के आदर्शों, मर्यादा, त्याग, प्रेम, कर्तव्य, संघर्ष और मानवीय संवेदनाओं को काव्य के माध्यम से प्रस्तुत करने वाली यह पुस्तक पाठकों को श्रीराम के जीवन-दर्शन से जोड़ने का प्रयास करेगी। 'रामरस' के माध्यम से पाठकों को श्रीराम के आदर्शों के करीब लाने और उनके जीवन-मूल्यों को समझने का प्रयास किया गया है। एवं रामायण के अलग अलग पात्रों की भूमिका एवं योगदान पर प्रकाश डालती हुई कवितायें पाठकों को रामरस में मिलेंगी, इस पुस्तक को सोच पब्लिकेशन हॉउस द्वारा प्रकाशित किया जा रहा है।



गुंदरई ग्राम सभा में गांधी-शास्त्री जयंती पर सत्य, कर्तव्य और राष्ट्रहित का लिया संकल्प

गोटेगांव। ग्राम पंचायत गुंदरई में गुरुवार को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दोनों महापुरुषों के जीवन, विचारों और राष्ट्र के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।ग्राम सभा में महात्मा गांधी के सत्य, अहिंसा और स्वच्छता के विचारों तथा लाल बहादुर शास्त्री के सादगी, ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और देशसेवा के आदर्शों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि गांधीजी का जीवन सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है, वहीं शास्त्रीजी का जीवन सादगी, त्याग और कर्मनिष्ठा का उदाहरण है। उनका दिया नारा 'जय जवान, जय किसान' आज भी देश की सुरक्षा और कृषि क्षेत्र के महत्व को रेखांकित करता है।इस अवसर पर उपस्थित ग्रामीणों ने सत्य एवं ईमानदारी को जीवन में अपनाने, अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करने तथा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने का संकल्प लिया।आंगनवाड़ी में बच्चों को बताए महापुरुषों के आदर्शग्राम सभा के उपरांत ग्राम गुंदरई अंतर्गत पथरोड़ा गांव में आंगन टोली उत्सव के तहत आंगनवाड़ी केंद्र पहुंचकर बच्चों एवं माताओं को महात्मा गांधी और लाल बहादुर शास्त्री के जीवन एवं आदर्शों से परिचित कराया गया। बच्चों को दोनों महापुरुषों के जीवन से जुड़ी प्रेरक कथाएं सुनाते हुए उनके आदर्शों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं का सम्मान भी किया गया। वहीं बच्चों द्वारा वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया तथा स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत गुंदरई की सरपंच अंजना पति श्री नरेंद्र पटेल, सुरजीत राजपूत, हुकुम सिंह पटेल, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव, मंजुला गुप्ता, अनीता काछी, रामसेवक मेहरा, नारद ठाकुर, रामेश्वर पटेल, अंगूरी बाई मेहरा, नीता बाई मेहरा, दुर्गा कहार, संध्या काछी सहित



सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. झा को दी भावभीनी विदाई

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस शासकीय महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राम कृष्ण झा के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने के अवसर पर भावपूर्ण विदाई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें न्यायालय के न्यायाधीश माननीय डॉ. शिवकांत कुशवाहा जनभागीदारी अध्यक्ष सुरेंद्र खैरोनिया अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति एस बी आई के शाखा प्रबंधक जेटवन घावड़े प्रमुख रुप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के स्वागत एवं सरस्वती पूजन के साथ हुआ।इस मौके पर न्यायाधीश शिवकांत कुशवाहा ने अपने उद्बोधन में डॉ. झा के महाविद्यालय प्रशासन में योगदान और विद्यार्थियों को प्रेरित करने में उनकी भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय के प्रशासनिक स्वरूप को व्यवस्थित बनाने के साथ विद्यार्थियों में अनुशासन एवं सकारात्मक सोच विकसित करने में डॉ. झा का योगदान उल्लेखनीय रहा। अध्यक्ष सुरेंद्र खैरोनिया ने डॉ. झा के कार्यकाल को याद करते हुए उनके निष्पक्ष एवं संतुलित व्यक्तित्व को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक दायित्वों के निर्वहन में निष्पक्षता उनकी कार्यशैली की प्रमुख विशेषता रही साथ ही अपने सहकर्मियों एवं छात्रों के हित के प्रति सदैव तत्पर रहे। शाखा प्रबंधक जेतवन घावर्डे ने डॉ. झा के प्रभावशाली व्यक्तित्व की चर्चा करते हुये अपने अनुभव साझा किये एवं उनके कार्यकाल के लिए शुभकामनाएँ दीं।तृतीय वर्ष के छात्र आदर्श जाटव एवं अंतिम वर्ष के छात्र ने विद्यार्थियों की ओर से अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि डॉ. झा के लगभग एक वर्ष के कार्यकाल में महाविद्यालय में



अनुशासित वातावरण देखने को मिला। उन्होंने खेल एवं क्रीड़ा गतिविधियों को मिली नई गति का उल्लेख करते हुए कहा कि खेल गतिविधियों को विशेष प्रोत्साहन मिला। विद्यार्थियों ने महाविद्यालय में चल रहे भवन निर्माण एवं बाउंड्रीवॉल निर्माण कार्यों के पूर्णता की ओर बढ़ने को भी महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में रेखांकित किया।अपने विदाई संबोधन में डॉ. राम कृष्ण झा ने महाविद्यालय परिवार के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में बिताया गया समय उनके लिए महत्वपूर्ण अनुभव रहा तथा सहकर्मियों और विद्यार्थियों से मिले सहयोग एवं स्नेह को वे सदैव स्मरण रखेंगे। इस अवसर पर डॉ. झा ने महाविद्यालय के अपने सभी सहकर्मियों को दीवार घड़ी भेंट की। घड़ी भेंट करने के पीछे अपने भाव को व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा यदि आप घड़ी के कांटों का अपने जीवन में अनुसरण करोगे तो कभी भी कांटों में नहीं उलझोगे।उन्होंने कहा कि जिस प्रकार घड़ी निरंतर चलती रहती है।उसी प्रकार सभी के जीवन में निरंतरता गतिशीलता और सकारात्मकता बनी रहे।

महाविद्यालय के सहकर्मियों ने भी डॉ. झा के साथ अपने अनुभव साझा किए। वक्ताओं ने बताया कि अपने कार्यकाल के दौरान वे केवल प्रशासनिक प्रमुख के रूप में ही नहीं। बल्कि अभिभावक के रूप में भी स्वीकार किए गए।जिन्होंने आवश्यकता के समय मार्ग दर्शन एवं सहयोग प्रदान किया।संचालन सहायक प्राध्यापक सुश्री राधा बाई गोंडने किया। तथा स्पोर्ट्स ऑफिसर भानुप्रताप प्रजापति ने आभार व्यक्त किया इस मौके पर ग्रंथपाल मोनिका पटेल डॉ. बी. डी. विश्वकर्मा डॉ. मनीषा वर्मा डॉ. दीपेश ठाकुर शैलेंद्र पटेल अंकित पटेल दीपक प्रजापति अशोक नौरिया दीपक वाल्मीकि सहित महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार द्वारा डॉ. राम कृष्ण झा को शॉल श्रीफल पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके स्वस्थ सुखी एवं सक्रिय जीवन के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की गई।

अंतरराष्ट्रीय बृद्ध दिवस एवं ब्रह्माकुमारीज के 90 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ वृद्धजनों का सम्मान

तेंदूखेड़ा।

प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के 90 वर्ष पूर्ण होने के साथ अंतराष्ट्रीय बृद्ध दिवस के अवसर पर 90 वर्ष की आयु पूर्ण कर चुके वृद्धजनों के सम्मान गरिमामय एवं प्रेरणादायी आयोजन किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ शुरू हुये इस कार्यक्रम में वरिष्ठजनों के अनुभव जीवन संघर्ष और प्रेरणादायी विचारों को सुनकर उपस्थित सभी लोग भाव विभोर हो गए।इस मौके पर मुख्य वक्ता बी के प्रीति दीदी के साथ सिविल न्यायालय के न्यायाधीश शिवकांत कुशवाहा एवं नगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे। नन्ही बालिका आशी द्वारा सुंदर स्वागत नृत्य ने वातावरण को आनंद और उमंग से भर दिया। अतिथियों वृद्धजनों का तिलक माला एवं मुकुट पहनाकर सम्मान किया गया। वहीं वृद्धजनों ने अपने जीवन के प्रेरणादायी अनुभव संघर्ष और जीवन से मिली सीख सभी के साथ साझा की। जिसमें 101 वर्षीय श्रीमती दुर्गा नामदेव एवं दशरथ ठाकुर ने बताया की 24 घण्टे भगवान को भजते है और हमें कोई बीमारी नहीं है।प्रतिदिन सुबह 3 बजे उठते है। भगवान को याद करते और पैदल घूमते है। अन्य सभी वृद्ध जनों ने अपने अनुभव सुनाये

उनके अनुभवों ने नई पीढ़ी को धैर्य





संस्कार सेवा और सकारात्मक जीवन जीने की प्रेरणा दी।

वृद्ध हमारे अनुभवों की पूंजी

मुख्य वक्ता बीके प्रीति दीदी ने वरिष्ठजनों के जीवन अनुभवों को समाज की अमूल्य धरोहर बताते हुए कहा कि उम्र केवल वर्षों की संख्या नहीं बल्कि अनुभवों और संस्कारों की पूंजी है।आत्माअमर है।आत्मा भृकुटी में रहती जहाँ हम तिलक या बिंदी लगाते।ज्योति बिंदु रूप है।परमात्मा शिव की संतान हम सब आत्मायें आपस मे भाई भाई हैं।इसलिए हिन्दू मुस्लिम सिक्ख ईसाई आपस मे सब भाई भाई। एक पिता की संतान आत्मिक रूप मे हम सब भाई भाई है।आत्मा कभी बूढ़ी नहीं होती आपने सारा जीवन संघर्ष किया अब शरीर से कोई पूजा पाठ व्रत स्वास्थ्य रहे खुश रहे यही शुभकामनायें है।

वृद्ध हमारी जीवंत विरासत तथा संस्कृति और संस्कारों का हिस्सा

न्यायाधीश शिवकांत कुशवाहा ने कहा हमें सभी वृद्धजनो का सम्मान करना चाहिए चाहे वह किसी भी जाति धर्म के क्यों नहीं हो। नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने कहा ऐसे कार्यक्रम बड़े स्तर पर होना चाहिए जिससे समाज को प्रेरणा मिले लोग जागरूक बने और वृद्धजनो के महत्व को समझ सके। संचालन बीके पुरुषोत्तम भाई ने किया तथा संस्थान के 90 वर्ष के सफर का परिचय दिया। इस कार्यक्रम में श्रीमती दुर्गा नामदेव सुशीला अग्रवाल सुशीला चौरसिया दशरथ सिंह ठाकुर एन के शुक्ला सहित अनेक वृद्ध जन तथा उनके परिवार के सदस्य उपस्थित हुए। कार्यक्रम ने यह संदेश दिया कि वरिष्ठजन हमारे समाज की जीवंत विरासत हैं। और उनका सम्मान करना हमारी संस्कार संस्कृति का हिस्सा है।

गांधी और शास्त्री जी की जयंती मनाई

तेंदूखेड़ा। विगत दिवस कांग्रेस कार्यालय में अहिंसा के पुजारी महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री जय किसान जय जवान का नारा देने वाले लाल बहादुर शास्त्री कांग्रेस कार्यालय में मनाई गई।इस मौके पर पूर्व विधायक संजय शर्मा ने गांधी जी एवं शास्त्री जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा स्वतंत्रता आंदोलन में सक्रिय भूमिका तथा राष्ट्र निर्माण में उनके अतुलनीय योगदान आदर्शों का स्मरण किया। इस अवसर पर जिला संगठन मंत्री दीवान शैलेन्द्र सिंह डा देवेंद्र प्रताप महेंद्र तिजोड़ी वाले कमलेश पुजारी अजय गुप्ता सेठ ज्ञानचंद जैन ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमप्रकाश पटैल नगर अध्यक्ष कमल जैन वीरेंद्र मोदी कीरत पटैल राधेश शर्मा ओमप्रकाश राय गोविंद पाली पूरन जाटव त्रिलोक सिंह गोविंद शर्मा योगेंद्र दलाल अमिताभ मोदी हरलाल खोजर ठा शिवकुमार लक्ष्मण सिंह सुजान पटैल धर्मेंद्र कृष्णकांत मनोज जैन राजेश राय निशांत ठाकुर पुष्पेंद्र सिद्धार्थ दीपेश रुद्र राहुल सहित ब्लॉक मंडलम सेक्टर सेवादल किसान कांग्रेस युवक कांग्रेस एनएस यूआई एवं विभिन्न प्रकोष्ठों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थित रही।



गांधी स्मारक पर माल्यार्पण और स्वतंत्रता सेनानी को दी गई श्रद्धांजलि

तेंदूखेड़ा 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नगर परिषद द्वारा गांधी चौक स्थित गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा पूर्व प्रधान मंत्री लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया।इस मौके पर नगर परिषद के द्वारा सफाई कर्मियों का पुष्पा हारों स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।इस मौके पर सभी प्रतिष्ठित जन स्थानीय जनप्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।नगर के वरिष्ठ स्वतंत्रता सेनानी रघुनंदन पांडे की पुण्यतिथि पर उन्हें उपस्थित वर्ग द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इनकी स्वतंत्रता आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

